दिन– बुधवार

दिनांक– 20 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।

अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाईस अगस्त को गयाजी में आयोजित समारोह के दौरान औंटा–सिमरिया पुल परियोजना का उद्‌घाटन करेंगे। यह पुल देश का सबसे चौड़ा छह लेन पुल होगा। इसकी चौड़ाई करीब चौंतीस मीटर है। गंगा नदी पर बने लगभग दो किलोमीटर लंबे पुल से पटना जिले का मोकामा और बेगूसराय से सीधे तौर पर जुड़ जाएगा। यह पुल दो–लेन वाले पुराने रेल–सह–सड़क पुल राजेंद्र सेतु के समानांतर बनाया गया है। नए पुल से उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच की दूरी लगभग एक सौ किलोमीटर तक घट जाएगी। यह परियोजना खासतौर से भारी वाहनों की यात्रा को सुगम बनाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस परियोजना की आधारशिला दो हजार सत्रह में रखी थी।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के बारह जिलों के बाढ़ प्रभावित परिवारों को सात हजार रुपये प्रति परिवार की दर से अनुग्रह राहत राशि के भुगतान का शुभारंभ किया। पटना के संकल्प भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने छह लाख इक्यावन हजार छह सौ दो प्रभावित परिवारों को डीबीटी के माध्यम से अनुग्रह राशि भुगतान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा कि तेरह और चौदह अगस्त को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के सर्वेक्षण के बाद लोगों तक राहत राशि तुरंत पहुंचाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि सितम्बर महीने में भी राज्य के कुछ भागों में बाढ़ की स्थिति हो सकती है। इसे देखते हुए अधिकारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये हैं।

———————————————————————————

इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णन ने आज लोकसभा में ऑनलाइन गेमिंग प्रोत्साहन और विनियमन विधेयक – दो हजार पच्चीस पेश किया। श्री वैष्णव ने कहा कि इसका उद्देश्य ई–खेलों और ऑनलाइन सोशल गेम्स को बढावा देना

तथा पैसा लेकर दी जाने वाली खतरनाक ऑनलाइन गेमिंग सेवाओं, विज्ञापन और उनसे जुडे वित्तीय लेन देन पर रोक लगाना है। साथ ही इन खेलों से जुडे प्रभावों से विशेषकर युवाओं और वंचित लोगों को सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक देश की सुरक्षा और सम्प्रभुता तथा वित्तीय प्रणाली की अखंडता की सुरक्षा करेगा।

---

चुनाव आयोग ने कहा है कि एक अगस्त को जारी मतदाता सूची पर बीस दिन बाद भी अब तक किसी राजनीतिक दल ने दावा आपत्ति दर्ज नहीं कराई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि प्रारूप प्रकाशन के बाद अभी तक साठ हजार दस निर्वाचकों से सीधे दावा आपत्ति के आवेदन प्राप्त हुए है। इनमें से दो हजार तीन सौ चौरानवे मामलों का निपटारा कर दिया गया है। इसके साथ ही अठारह वर्ष और अधिक उम्र के एक लाख अट्ठानवे हजार से अधिक नये मतदाताओं ने सूची में अपना नाम जोड़ने के लिए आवेदन दिया है।

---

राज्य में करीब चौरासी लाख प्रधानमंत्री जन–धन योजना खातों का सत्यापन किया जाएगा। योजना के लाभुकों को तीस सितम्बर तक अपने बैंक खाते का सत्यापन–केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक और भारतीय स्टेट बैंक पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक अनुराग जोशी ने संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि केवाईसी नहीं कराने पर खाते बंद कर दिये जायेंगे। श्री जोशी ने बताया कि एक अभियान चलाकर पंचायतों में शिविर के माध्यम से पीएम जन धन बैंक खाता खोलने, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और पीएम सुरक्षा बीमा योजना के लिए नामांकन लिया जा रहा है।

---

प्रदेश के विभिन्न भागों में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों तक बारिश की गतिविधियां बनी रहेंगी। विभाग ने आज कटिहार और किशनगंज जिले में एक–दो स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद, पटना समेत राज्य के दक्षिणी भागों में कई स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है।

---

अररिया पुलिस ने जोगबनी थाना क्षेत्र स्थित एक निजी बैंक में पांच लाख रुपये लूट की घटना का उद्‌भेदन किया है। इस संबंध में कटिहार के कोढ़ा थाना क्षेत्र के जुराबगंज में मुख्य आरोपी अनीश यादव के घर छापेमारी कर लूट की रकम बरामद कर ली गयी है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

गोपालगंज जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कररिया पूर्व टोला में एक ईंट भट्‌ठे के निकट गड्‌ढे में डूब जाने से दो बच्चों की मौत हो गई।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।